सप्तदश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-02 सोमवार, दिनांक-22 फरवरी, 2021 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.08 बजे अप० तक ।

प्रश्नकाल प्रारंभ होते ही आसन द्वारा सदन को हर्ष के साथ सूचित किया गया कि आज के प्रश्न वर्ग-1 के प्रश्नोत्तर के लिए कुल 09 विभागों के 04 अल्पसूचित प्रश्न के उत्तर ऑनलाईन माध्यम से आ चुके हैं । साथ ही 78 तारांकित प्रश्नों में से 02 प्रश्न स्थानांतरित हुए हैं एवं शेष बचे 76 प्रश्नों में से 73 प्रश्नों के उत्तर ऑनलाईन माध्यम से आ चुके हैं । यह एक बड़ी उपलब्धि है । यह पहली दफा है कि सरकार द्वारा लगभग सभी प्रश्नों के जवाब उपलब्ध कराए गए हैं । साथ ही आसन द्वारा इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री एवं संबंधित विभागों के माननीय मंत्री को धन्यवाद दिया गया एवं सभी माननीय सदस्यों से उत्तर पढ़कर आने तथा पूरक प्रश्न पूछने का अनुरोध किया गया जिससे सदन का समय बचेगा और अधिक से अधिक प्रश्न लिये जा सकेंगे ।

तदुपरान्त सी०पी०आई० (एम०एल०) के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोर-गुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा कहा गया कि अभी प्रश्नकाल का समय है । अपनी मांगों को सही समय पर उठाएँ । उन्होंने वेल में आए माननीय सदस्यों से अपने-अपने स्थान पर जाने का अनुरोध किया गया एवं कहा गया कि यह सार्थक विमर्श की जगह है, इसी से लोकतंत्र मजबूत होता है ।

तत्पश्चात् माननीय सदस्यों ने अपना-अपना स्थान ग्रहण किया ।

माननीय नेता विरोधी दल, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा कार्य स्थगन का मामला उठाया गया ।

आसन द्वारा कहा गया कि उचित समय पर इसके ग्राह्यता पर विचार होगा ।

[1] **प्रश्नकाल** :-

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 02 अल्पसूचित प्रश्न अपृष्ट ।

(iii) 09 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 03 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(v) 66 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] **कार्य स्थगन प्रस्ताव** :-

माननीय सदस्य श्री समीर कुमार महासेठ एवं श्री अजीत शर्मा से प्राप्त कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी ।

[3] **शून्यकाल** :-

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री कुमार शैलेन्द्र
(ii) श्री समीर कुमार महासेठ
(iii) श्री पवन कुमार यादव
(iv) श्री महबूब आलम
(v) श्री विद्या सागर केशरी
(vi) श्री कृष्णनंदन पासवान
(vii) श्री अरूण सिंह
(viii) श्री सुदामा प्रसाद

[4] **ध्यानाकर्षण सूचना** :-

(i) माननीय सदस्य श्री सुदामा प्रसाद एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री सुदामा प्रसाद द्वारा पढ़ा गया एवं माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा इसके उत्तर के लिए सदन से समय लिया गया ।

तदोपरान्त् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 04.00 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[5] **वित्तीय कार्य** :-

माननीय उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री, श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए आय-व्ययक के विवरण का उपस्थापन सदन में किया गया तथा बजट भाषण दिया गया ।

[6] **महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद** :-

महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद का प्रस्ताव माननीय सदस्य श्री प्रेम कुमार द्वारा किया गया एवं माननीय सदस्य श्री नरेन्द्र नारायण यादव द्वारा इसका अनुमोदन किया गया तथा अपना-अपना पक्ष रखा गया । आसन द्वारा कहा गया कि श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता विरोधी दल, माननीय सदस्य श्री अजीत शर्मा एवं श्री अख्तरूल ईमान द्वारा राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत किए जाने वाले धन्यवाद प्रस्ताव पर प्राप्त संशोधन नियमानुकूल है, जिसे स्वीकार किया जाता है ।

महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री अजीत शर्मा
(ii) श्री संदीप सौरभ

आसन से घोषणा की गई कि महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद दिनांक-23.02.2021 को भी जारी रहेगा ।

तदुपरान्त सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक-23 फरवरी, 2021 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-22.02.2021

राज कुमार सिंह
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।